

## एक नजर में

### डॉ. हितेश दिल्लीवाल नेशनल आईकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित




**उज्जैन।** अरबाज खान प्रोडक्शन एवं मिष्ठा एंटरटेनमेंट द्वारा दिल्ली के रेडिसन ब्लू, सेक्टर-13 द्वारका में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में फिल्म स्टार, प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर अरबाज़ खान ने उज्जैन के डॉ. हितेश दिल्लीवाल को नेशनल आईकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान डॉ. दिल्लीवाल को डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान एवं समाज सेवा में विशेष उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। समारोह में बॉलीवुड एवं समाजसेवा जगत की अनेक जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अरबाज़ खान ने कहा कि डॉ. हितेश दिल्लीवाल जैसे युवाओं का समर्पण और कार्य समाज के लिए प्रेरणा है। वहीं डॉ. दिल्लीवाल ने इस सम्मान को अपने सभी सहयोगियों और समाज को समर्पित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए नहीं, बल्कि पूरे मेडिकल और डेंटल फ्रेटरनिटी की उपलब्धि है।

### मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर होगी भाषण प्रतियोगिता

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक प्रेरणादायक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि यह आयोजन 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की 70वीं वर्षगांठ पर सुबह 10 बजे देवास रोड स्थित अमीरा अकादमी, आदर्श नगर, उज्जैन में रखा गया है। सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र राठौर एवं संयुक्त सचिव जफर खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच राज्य के इतिहास, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, शिक्षा और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय आंदोलनों के प्रति समझ को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता को दो मुख्य समूहों में विभाजित किया गया है, मिडिल ग्रुप (समय सीमा: 5 मिनट) हमारा प्यारा मध्य प्रदेश, शहर को स्वच्छ बनाने में हमारा योगदान, शिक्षा मानव जीवन में क्यों जरूरी है तथा हायर सेकेंडरी ग्रुप (समय सीमा: 10 मिनट) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन, फिलिस्तीन स्वतंत्रता आंदोलन। संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं उप संयोजक नासिर मंसूरी ने बताया प्रतियोगिता में दोनों कैटेगरी में अलग-अलग प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी की ओर से प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राएं 28 अक्टूबर तक संस्था कार्यालय में अपने रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर और इंजीनियर सद्दाम हुसैन ने दी।

### दीपावली मिलन समारोह में हुआ काव्यांजलि साहित्य समूह की पुस्तक का लोकार्पण



**उज्जैन।** नील गंगा मार्ग स्थित श्रीधाम आश्रम में काव्यांजलि समूह द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में हास्य-व्यंग्य कि कविताओं का जमकर दौर चला, सामूहिक गज़लों की पुस्तक का हुआ लोकार्पण। संयोजक युवा गजलकार राकेश जैन ने बताया कि पांच वर्ष पहले उन्होंने फेसबुक पर काव्यांजलि नाम से साहित्य का समूह बनाया जिसमें लगभग 5000 साहित्यकार अभी तक देश विदेश से शामिल है। जिसमें समूह के पांच वर्ष पूर्ण होने पर समूह की तरफ से साझा गज़ल का एक संकलन तैयार किया गया था जिसका लोकार्पण शहर के ख्यातनाम साहित्यकारों के कर कमलों से दीपावली मिलन समारोह में विमोचन किया गया। साथ ही वरिष्ठ गीतकार सुगनचंद जैन को काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं युवा रचनाकार हर्ष सैनी को प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। संचालन अनिल पांचाल सेवक द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के पद पर प्रसिद्ध व्यंग्यकार मुकेश जोशी, विशिष्ट अतिथि नेत्रा रावणकर ने सुशोभित किया। अध्यक्षता सुगनचंद जैन ने की। सरस्वती वंदना जबलपुर निवासी मीना भट्ट के द्वारा प्रस्तुत की गई। काव्यपाठ डॉ पुष्पा चौरसिया, संतोष सुपेकर, डॉ. अखिलेश चौरे, डॉ. रमेश चांगेसिया, अशोक रक्ताले, मानसिंह शरद, डॉ. रफीक अहमद नागोरी, डॉ. अमरीश जैन, संगीता तब्रैरा, खुशबू बाफना, अक्षर ववरे, तरुण उपाध्याय आदि ने काव्यपाठ किया। पुरुषोत्तम भट्ट, अमिताभ त्रिपाठी, मनोहर रांगी ने शानदार आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। जानकारी काव्यांजलि समूह के एडमिन संयोजक राकेश जैन ने दी।

### अंगारेश्वर महादेव मंदिर पर 28 को 56 भोग



**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अंगारेश्वर महादेव मंदिर पर 56 भोग महोत्सव 28 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। पं. रोहित उपाध्याय के अनुसार 28 अक्टूबर को भात पूजन का सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक होगा। मुख्य पुजारी पं. मनीष गुरु के आचार्यत्व में 21 ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक के पश्चात शृंगार तथा शाम 5 बजे महाआरती की जाएगी। आतिशबाज़ी के साथ बड़नगर के प्रसिद्ध प्रकाश बैंड द्वारा मंदिर परिसर में भजन संध्या की जाएगी।

### लैंक्सेस इंडिया - आईसीसी के प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित

**नागदा।** लैंक्सेस इंडिया को इंडियन केमिकल काउंसिल की ओर से तीन प्रतिष्ठित सम्मान मिले हैं। इनमें झगड़िया साइट के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन में उत्कृष्टता हेतु विनती ऑर्गेनिक्स अवॉर्ड, और रेस्पॉन्सिबल केयर के तहत सिक्योरिटी कोड प्रोडक्ट सेफ्टी और स्टूवर्डशिप कोड अनुपालन के लिए दो एप्सिलॉन कार्बन मेरिट सर्टिफिकेट्स शामिल हैं। यह सम्मान लैंक्सेस की सुरक्षा, सतत विकास और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह पुरस्कार इस महीने मुंबई में आयोजित एक समारोह में भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, रसायन और पेट्रोकेमिकल विभाग के संयुक्त सचिव दीपक आरोन (आईएएस) द्वारा लैंक्सेस को प्रदान किया गया। लैंक्सेस इंडिया की ओर से यह सम्मान वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नमितेश रॉय चौधरी और पूर्णकालिक निदेशक व हेड-पीटीएसई बलराम खोत ने प्राप्त किया।





# झारड़ा में रुपए के लेनदेन को लव जिहाद का रूप दिया

**महिदपुर।** समीपस्थ ग्राम झारडा में लवजिहाद के संबंध में मामला सामने आया है। लेकिन पुलिस पूरे मामले को लेकर इंकार कर रही है। वहीं फरियादी ने पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही झारडा थाने में भी मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि पुलिस मामले को मारपीट का बताकर अपना पल्ला झाड़ रही है।

जानकारी के अनुसार जयराम मांगीलाल कुमारियां नामक फरियादी जो कि वाहन चालक का काम करता है, ने एक आवेदन देकर झारडा थाना पुलिस को बताया कि पुराने लेनदेन को लेकर मैंने इरफान नामक युवक को बोला कि मेरे रुपए वापस कर दे तो इसी बात को लेकर उसने मुझे अश्लील गालियां दी और इस दौरान इरफान का लडका गोलू उर्फ काला एवं उसका मित्र राजा उर्फ अल्ताफ पिता उस्मान भी आ गया और गालियां देने लगे। बात बढ़ने पर उन्होंने मेरे साथ मारपीट की और इस दौरान मेरा दोस्त नारायण देवड़ा एवं राकेश राठौर निवासी झारडा आ गए और उन्होंने बीच बचाव किया। इसी मामले में शिकायत झारड़ा थाने पर दी है। जबकि मामला लवजिहाद का बताया जा रहा है। जिसमें ना तो किसी युवती का नाम है और ना ही कहीं पर प्रेम प्रसंग दर्शाया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी आनंद भाबोर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत कर्ता थाने पर आया जरूर था। लेकिन मामला लवजिहाद का नहीं होकर मारपीट और पुराने रुपए के लेनदेन का बताया जा रहा है।



## राजपूत समाज का अन्नकूट संपन्न

**उज्जैन।** चामुंडा माता चौराहे पर स्थित बिजासनमाता मन्दिर में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, शहर अध्यक्ष अभिषेकसिंह बैस, युवाविंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आनंन्दसिंह खींची, लोकेन्द्रसिंह गौड एवं मलखानसिंह दीक्षित, अनिलसिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारीगणों ने विश्वकल्याण की कामना के साथ 31 वें अन्नकूट महोत्सव में महाआरती की तथा 56 भोग लगाए । सराहनीय कार्यों के लिए नारी शक्ति कुमारी, टीना पंवार, दुर्गादेवी बैस, बर्खा तोमर, संगीता चौहान, डॉ. सुरुचि चंदेल, गीता बघेल, आरती बैस, अंजू राजपूत, कल्पना भदौरिया का माला, सिरोपा, शाल, श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर शशि चंदेल, शकुंतला, हेमंन्त कुंवर राठौर, हेमलता दीक्षित, ममता गौड़ ने सम्मान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे।

## राठौर समाज का अन्नकूट महोत्सव बना दिव्यता और उल्लास का अद्भुत संगम




**उज्जैन।** श्री राठौर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट, उज्जैन द्वारा आयोजित भगवान श्री मदनमोहन जी एवं श्री दास हनुमान जी का भव्य अन्नकूट महोत्सव 2025 रविवार को श्रद्धा, उत्साह और अलौकिक भक्ति भावना के साथ अत्यंत धूमधाम से संपन्न हुआ।

ट्रस्ट सचिव धर्मेन्द्र मगरवा एवं नगरसभा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर ने बताया कि मदनमोहन वाटिका परिसर में सजे लगभग 60 हजार वर्ग फीट के भव्य पंडाल में सुबह से ही समाजबंधुओं, श्रद्धालुओं और मातृशक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। हल्की वर्षा की फुहारों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों, शंखनाद और पुष्पवर्षा के बीच भगवान श्री मदनमोहन जी की शोभायात्रा छोटी रपट क्षिप्रा तट से प्रारंभ होकर मदनमोहन वाटिका पहुंची, जहां दिव्यता और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने मिला।

महोत्सव में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने श्री मदनमोहन वाटिका निर्माण हेतु विधायक निधि से ग्यारह लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, रवि सोलंकी, महापौर परिषद सदस्य डॉ. योगेश्वरी राठौर, भाजपा महामंत्री आनंद खिंची एवं येन्द्र राठौर, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों सहित बाहर से पधारे समाजबंधुओं का दुपट्टा, शॉल और श्रीफल से भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने भगवान श्री मदनमोहन जी के दर्शन कर आरती में सहभागिता की तथा राठौर समाज की एकता, सहयोग और संस्कृति संरक्षण की भावना की सराहना की। कार्यक्रम में भगवान श्री मदनमोहन जी की महाआरती की सर्वाधिक बोली नागेश्वरधाम कॉलोनी निवासी सुरेशचंद्र राठौर ने लगाई, जो एक लाख पांच हजार रुपए रही। ट्रस्ट द्वारा बोली कर्ता परिवार का हार, शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। महोत्सव में मार्गदर्शक तेजकुमार राठौर, मनोहरलाल राठौर, संरक्षक शिवनारायण राठौर, अध्यक्ष पुरुषोत्तम राठौर, कोषाध्यक्ष मदनलाल राठौर, आशीष राठौर, राजेन्द्र परमार, गनलाल राठौर, संजय राठौर, संतोष राठौर एवं अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। भगवान श्री मदनमोहन जी एवं श्री दास हनुमान जी को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिसके पश्चात महाआरती संपन्न हुई और हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन एवं प्रसादी ग्रहण की।

## महाआरती पश्चात 56 भोग प्रसादी वितरित

**उज्जैन। श्री मालवा कुल्मी पाटीदार श्रीराम मंदिर हनुमानगढ़ी न्यास रामघाट पर दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न हुआ। अन्नकूट की पूर्व संध्या पर ट्रस्ट की जनरल बैठक हुई।**



अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा की गई। श्रीराम दरबार को 56 छप्पन भोग लगाया गया। ट्रस्ट मंडल के विभिन्न जिलों से आये समाजबंधुओं ने दीपावली पर्व की एक-दूसरे को शुभकामना देकर सुख-समृद्धि की कामना की। मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की महाआरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया गया। अन्नकूट महोत्सव की पूर्व संध्या पर न्यास मण्डल की साधारण सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल गामी ने की। साधारण सभा में समाजजनों को ट्रस्ट द्वारा क्रय की गई मोहनपुरा क्षेत्र में 7 बीघा जमीन की जानकारी देने के साथ ही मंदिर विकास की योजनाओं एवं आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। मंदिर विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समाज बंधुओं से अधिक से अधिक दान देने की अपील की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष शान्तिलाल गामी, सचिव मनोहरलाल पाटीदार, उपाध्यक्षद्वय जगदीशचंद्र बिजूर, हेमराज पाटीदार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम पाटीदार, संयुक्त सचिव नाथूलाल धोल, मांगीलाल पाटीदार खजूरिया, सहसचिव भंवरलाल पाटीदार, ट्रस्टी गोविन्द, अम्बाराम पाटीदार, हरिसिंह, भवानीशंकर, मोहनलाल, रमेशचंद्र पाटीदार, कृष्णकान्त पाटीदार, दिनेश पाटीदार, मोतीलाल पाटीदार, हीरालाल पाटीदार, सम्मानित सदस्य मनोहरलाल, तुलसीराम पाटीदार, हरिनारायण पटवारी, आशाराम, लक्ष्मणजी, पुरुषोत्तम रापड़िया, प्रकाशचन्द्र, राधेश्याम पाटीदार, दिनेशकुमार, लखमीचन्द्र पाटीदार, अंकेक्षक पुरुषोत्तम मुकाती एवं विभिन्न जिलों से आये समाजबंधु उपस्थित हुए। उक्त जानकारी कैलाश पाटीदार ने दी।




## अनाज व्यापारी संघ का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**महिदपुर।** पांच दिवसीय दीपोत्सव के समापन के बाद सभी विभागों और धार्मिक-सामाजिक संगठन अपने अपने स्तर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें अतिथियों का स्वागत सत्कारके साथ सह भोज भी आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में महिदपुर कृषि उपज मंडी में भी व्यापारियों का दीपावली मिलन समारोह हुआ। जिसमें मंडी प्रांगण में विराजित बालाजी हनुमान जी कि आरती कर पूजा अर्चना की और उसके उपरांत दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

इस संबंध में अनाज व्यापारीयों संघ के अध्यक्ष वर्धमान गादिया ने बताया कि इस दीपावली मिलन समारोह में अधिकांश विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाईओमप्रकाशमाली, एवं एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस विभाग के अधिकारी एसडीओपी, थाना प्रभारी, स्टॉफ प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मान भी किया गया। अतिथियों ने इस दौरान अपना वक्तव्य भी दिया और आयोजन की सराहना की। बडी संख्या में व्यापारी संघ उपस्थित थे।

एक नजर

**म .प्र . युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास ने केंद्रीय परिवहन मंत्री के साथ मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी को शिकायत की**

# दूसरे प्रदेश की फर्जी एनओसी लगाकर हजारों वाहनों को पंजीकृत कर दिया

**उज्जैन। उज्जैन आरटीओ के एजेंट रवि जैन के द्वारा दुसरे प्रदेश की फर्जी एनओसी लाकर उज्जैन आरटीओ द्वारा वाहन पंजीकृत करवाने के मामले में म.प्र. युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास संस्थापक व अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ ही केन्द्रीय परिवहन मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश परिवहन मंत्री, परिवहन आयुक्त, उज्जैन संभाग आयुक्त, कलेक्टर, आईजी उज्जैन, पुलिस अधीक्षक को शिकायत दर्ज कराई है।**

शिकायत में कहा कि उज्जैन आरटीओ संतोष मालवीय व उज्जैन आरटीओ एजेंट रवी जैन के द्वारा दुसरे प्रदेश की फर्जी एनओसी लगाकर हजारो वाहनो को पंजीकृत कर दिया गया। उज्जैन जिले मे जब से उज्जैन आरटीओ संतोष मालवीय आये है इनके द्वारा भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड दिये गये है इसी कडी मे उज्जैन आरटीओ एजेंट रवी जैन के माध्यम से एक लेजर मशीन राजस्थान से खरीदी गई और सन् 2013 माडल की दिल्ली से एक पेसेंजर यात्री बस आयशर कंपनी की जिसकी एनओसी उज्जैन आरटीओ से जारी की गई उक्त बस को धोखाधडी पूर्वक आरटीओ एजेंट रवी जैन ने अरूणाचल प्रदेश के फर्जी एनओसी के द्वारा उज्जैन आरटीओ मे 10 मई 2016 मे एमपी 13 झेड डब्ल्यू 6130 नए नम्बर से रजिस्टर्ड कर 2016 मॉडल गाडी के पेपर दे दिये गए। रवी जैन के द्वारा लेजर मशीन 2013 दिल्ली पॉसींग गाडी को 2016 मॉडल के रूप में लेजर मशीन से नकली चेचिस नम्बर प्रिंट कर दिये गये। जिसके पश्यात पचोर के स्कूल के सर को धोखाधडी कर बस को बेच दिया गया उज्जैन आरटीओ द्वारा 26/06/2025 के परिवहन सचिव ग्वालियर के आदेशानुसार दिनांक 01/09/2025 को लॉक कर दी गई। बस जिसका मूल्य 2 लाख रूपये होकर दिल्ली प्रदेश की 2013 मॉडल की गाडी को आरटीओ एजेंट रवी जैन के द्वारा 2 लाख 50 हजार रूपये लेकर लेजर मशीन से गाडी के इंजिन और चेचिस नम्बर बदल कर 10 लाख रूपये में स्कूल सर को बेच दी गई। उस बस में स्कूली छात्र छात्राओं का परिवहन हो रहा है जिससे उनकी जान को जोखिम में डाल दिया गया है।

मनीष चौहान ने कहा आरटीओ एजेंट रवी जैन के द्वारा अनुमानित 20 हजार से ज्यादा बस ट्रक और जीप के चेचिस नंबर बदलने की जानकारी प्राप्त हो रही है जिसकी गहन जांच होने पर यह आंकडा लाखो में हो सकता है। हमारे विश्वसनीय सुत्रो से जानकारी प्राप्त हुई है कि 126 वाहनो के पंजीयन निरस्त कर दिये गये है व 192 वाहनो के स्वामित्व के वाहनो को लॉक कर दिया गया है 418 वाहनो को जांच के दायरे मे लिया गया है इसका मतलब है कि हमारी शिकायत प्रमाणित है लेकिन उज्जैन आरटीओ के द्वारा फर्जी वाहन मालिक के खिलाफ व आरटीओ एजेंट रवी जैन के खिलाफ व फर्जी वाहन लाकर जो वाहन 2010 का मॉडल था उसे 2015 का कर दिया गया ऐसे ही कई भंगार वाहनो को उनका चेचिस नम्बर बदल कर महंगे भाव मे बेचा गया है साथ ही लोन कम्पनीयों के द्वारा भी इन्हे बढा चढा कर फाईनेंस कर दिया गया है ऐसी स्थिति में जो वाहन लॉक हो गये है और जिनके पंजीयन निरस्त कर दिये गये है उनके उपर जो फाईनेंस किया गया है उसे रिकवरी कैसे किया जावेगा यह बडा प्रश्न चिन्ह खडा कर दिया है।

शिकायत कर कहा कि रवि जैन और फर्जी एनओसी लाने वाले वाहन मालिक उन सभी के खिलाफ आपाराधिक मामला पंजीबद्ध कर जेल भेजना चाहिये जिस प्रकार आरटीओ देवास के द्वारा पुलिस कार्यवाही करवाई गई और एक बहुत बडे गिरोह का पर्दाफाश किया गया है लेकिन उज्जैन आरटीओ के द्वारा इतने संगीन अपराध के खिलाफ किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नही करवाया जाना स्पष्ट करता है कि पुरा आरटीओ और भी कई एजेंट इसमें शामिल है एवं महाभ्रष्ट संतोष मालवीय को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करने की कार्यवाही के साथ ही सीआईडी जांच तुरंत करवाने के आदेश दिये जावे।

## दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**उज्जैन।** भारत देश के जननायक राहुल गांधी द्वारा पूरे भारत देश में वोट चोर गद्दी छोड़ महा हस्ताक्षरअभियान चलाया जा रहा है। राहुल गांधी के समर्थन में उज्जैन शहर एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं वोट चोर गद्दी छोड़ महाहस्ताक्षर अभियान शिवांजलि गार्डन नीलगंगा पर रखा गया। जिसमें उज्जैन, तराना, घट्टिया, बड़नगर, नागदा, महिदपुर, उज्जैन उत्तर, दक्षिण विधानसभा के लगभग 2 हजार लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दीपक मेहरा ने बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लगातार आगे बड़ाने का कार्य किया जाएगा एवं राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़के द्वारा चलाये जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को सफल किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. बटुकशंकर जोशी, चेतन यादव, आजाद यादव, हेमंत सिंह चौहान, इकबाल भाई, मोती भाटी, यशवंत व्यास, अशोक उदयवाल, मानसिंह चौहान, बाबूलाल गोठवाल, नाजियाबी पार्षद, विजय यादव, शक्ति वर्मा, तबरेज खान, राजेश बाथली आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में एक अवाज में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को सफल बनाने हेतु संकल्प लिया गया।